प्रेस विज्ञप्ति

सफाई अभियान

चेन्नई 03 फरवरी 2017: भारतीय तटरक्षक विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों की सहायता से प्रभावित समुद्री तटीय क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए लगातार चौथे दिन युद्ध स्तर पर सफाई अभियान का संचालन कर रहा है।

वृहद पैमाने पर चल रही तेल सफाई अभियान के बीच कमांडर तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व) महानिरीक्षक राजन बड़गोत्रा, टीएम, समुद्री एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के वास्तविक मूल्यांकन के लिए भारतीय तटरक्षक पोत वरद द्वारा इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े 70 लोगों के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। इनका उद्देश्य मीडिया के लोगों को समुद्र की वास्तविक स्थिति से परिचय कराना तथा प्रभावित क्षेत्र में समुद्री जीव-जंतुओं को किसी प्रकार के नुकसान होने की धारणा को नकारना था। जहाज पर, बातचीत के दौरान कमांडर ने स्पष्ट किया कि अब समुद्र, तेल बिखराव की त्रासदी से सुरक्षित है तथा मछुवारे तेल बिखराव से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्र, रामकृष्ण नगर, कुप्पम को छोड़कर अन्यत्र अपने अभियान में जा सकते हैं। समुद्री यात्रा में बातचीत के दौरान मीडिया कर्मी भी उपस्थित थे। समुद्र में तेल बिखराव की त्रासदी का मुकाबला करने के लिए तटरक्षक हेलीकॉप्टर द्वारा टीसी-III बकेट अभियान का भी प्रदर्शन किया गया।

03 फरवरी 15 को कुल मिलाकर 24 टन तेल गंदगी तथा 09 टन कीचड़ बाहर निकाला गया।